हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 1 सितंबर 2025

04 कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रदेश अध्यक्ष ...

07 मप्र ले जा रही 70 बोरी यूरिया जब्त, कालाबाजारी ...




### जैन समाज में चल रही तपस्याओं के निमित्त महोत्सव का आयोजन

# परमात्मा की रथ यात्रा के साथ तपस्वियों का वरघोड़ा जुलूस आज




हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में पर्वधिराज पर्युषण पर्व के साथ अन्य तपस्याएं सानंद संपन्न होने तथा समाज में चल रही श्रेणी तप की तपस्या के निमित्त पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन 29 अगस्त से चल रहा है। कार्यक्रम के तहत आज परमात्मा की भव्याति भव्य रथ यात्रा के साथ सभी तपस्वियों का वरघोड़ा जुलूस नगर में निकाला जाएगा।

स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज के चल रहे चातुर्मास के दौरान रत्ननिधि म.सा., पुण्यनिधि म.सा. कला निधि म.सा, श्रद्धा निधि म.सा, प्रज्ञा निधि म.सा. की प्रेरणा एवं पावन निश्रा में विभिन्न धर्म आराधना चल रही है। तपस्या की लड़ी में समाज में सात आराधको द्वारा 49 दिवसीय श्रेणी तप की तपस्या की जा रही है। जिसकी अंतिम लड़ी में तीन तपस्वियों द्वारा 11-11 उपवास का तप किया गया। इसकी पूर्णाहूति आज होने जा रही है। सोमवार को परमात्मा की भव्याति भव्य रथ यात्रा के साथ सभी तपस्वियों का वरघोड़ा जुलूस नगर में निकाला जाएगा तथा पारणे का कार्यक्रम 2 सितंबर को होगा। तपस्या के निमित्त पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन 29 अगस्त से प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस सभी तपस्वियों के परिवार की ओर से जिन मंदिरजी में स्नात्र पूजन व भक्तामर अभिषेक का कार्यक्रम रखा गया। 30 अगस्त को जैन आराधना भवन में रत्नत्रयी पूजन लाभार्थी प्रकाशचंद्र रोहित कुमार पौत्री नियति पौत्र हितार्थ सकलेचा परिवार की ओर से रखी गई।

#### मणिधारी दादा की 885 जन्म जयंती पर कार्यक्रम हुआ

रविवार को गुदरावन मार्ग स्थित दादावाड़ी में द्वितीय दादा गुरुदेव मणिधारी दादा की 885 जन्म जयंती समारोह पर दादा गुरुदेव पूजन संगीत की स्वर लहरियो के साथ संगीत सम्राट अंकित लोढ़ा रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा संपन्न करवाई गई। इसके पूर्व प्रातः 7 बजे चैत्य परिपाटी नगर के जिन मंदिरजी से गुदरावन मार्ग स्थित दादावाड़ी तक निकाली गई। जिसमें लाभार्थी विजयकुमार मूलचंद सकलेचा पुत्र रोहन सकलेचा परमात्मा को लेकर बग्गी में विराजित थे। दादावाड़ी पहुंचकर सभी ने परमात्मा के दर्शन किए। बाद लाभार्थी सकलेचा परिवार की ओर से नवकारसी का कार्यक्रम हुआ। रविवार को ही प्रातः 9 बजे से दादावाड़ी में द्वितीय दादा गुरुदेव श्री मणिधारी श्री जिनचंदसूरि की जयंती के निमित्त दादा गुरुदेव पूजन एवं साधार्मिक वात्सल्य का कार्यक्रम लाभार्थी संतोषकुमार रमेशचंद फाफरिया की स्मृति में हिम्मतमल कमलाबाई पुत्रवधू सुनीता फाफरिया सराफ परिवार की ओर से रखा गया। इसी दिन रात्रि में सभी तपस्वियों का वधामणा का कार्यक्रम हुआ। जिसमें संगीत सम्राट अंकित लोढ़ा रायपुर छत्तीसगढ़ ने भाग लेकर कार्यक्रम को संपन्न करवाया। 1 सितंबर को प्रातः 8:30 बजे से नगर में परमात्मा की भव्याति- भव्य रथयात्रा के साथ तपस्वी रत्नों का वरघोड़ा जुलुस निकाला जावेगा। तत्पश्चात जैन धर्मशाला में साधार्मिक वात्सल्य का कार्यक्रम रमेशचंद दीपचंद श्री श्रीमाल परिवार व अशोक कुमार लख्मीचंद ओस्तवाल परिवार की ओर से होगा। सोमवार को ही दोपहर 2 बजे जैन आराधना भवन में मेहंदी एवं सांझी का कार्यक्रम संगीत की स्वर लहरियो के साथ अपेक्षा नेनेश पीपाड़ा इंदौर द्वारा संपन्न करवाया जाएगा।

सोमवार को निकलने वाले इस जुलूस के मुख्य लाभार्थी समरथ मल पारसमल - सौ. सीमा,पौत्र रोनक,मीनल मुणोत परिवार होगा। 2 सितंबर मंगलवार को प्रातः 9 बजे से उवसग्गहरं महापूजन जैन आराधना भवन में सौ. खुशबू श्री श्रीमाल व सौ. रश्मि ओस्तवाल के श्रेणी तप निमित्त परिवार जनों की ओर से रखी गई है। कुशल विधिकारक प्रवीण भाई जैन एंड पार्टी रुनिजा द्वारा विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न करवाई जावेगी। महापूजन उपरांत जैन धर्मशाला में श्रीसंघ नलखेड़ा की ओर से साधार्मिक वात्सल्य का कार्यक्रम रखा गया है। तपस्वियों के परिवारजनों व रिश्तेदारों द्वारा जैन आराधना भवन में चौबीसी का कार्यक्रम चल रहा है। रविवार को सौ. खुशबू श्री श्रीमाल व सौ. रश्मि ओस्तवाल के श्रेणी तप निमित्त चौबीसी का कार्यक्रम हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा भाग लेकर तपस्या तथा प्रभु भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई।

### संयम, तप और ज्ञान की प्राप्ति विनय से ही होती है : मुनिश्री अक्षय सागर

**सीहोर**। दशलक्षण धर्म के दूसरे अध्याय उत्तम मार्दव धर्म की पूजा और धार्मिक अनुष्ठान के साथ पयूर्षण महापर्व का आयोजन हुआ। महामंडल विधान की पूजा के बाद धर्मसभा में मुनिश्री अक्षय सागर महाराज ने प्रवचन दिए। उन्होंने बताया कि दशलक्षण पर्व को पयूर्षण महापर्व भी कहा जाता है। यह आत्मा को पांच पाप और आठ कर्मों से शुद्ध करने वाला पर्व है। प्राकृत भाषा में इसे पजुषण, पज्जुषण या पज्जोवसेणा कहा जाता है। मुनिश्री ने कहा कि संसार में रहने वाली आत्मा भी पयूर्षण महापर्व के पालन से कर्मों के प्रदूषण से मुक्त हो सकती है। दशलक्षण धर्म के पहले 'उत्तम' शब्द का प्रयोग इसलिए किया जाता है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि इन धर्मों का पालन किसी लौकिक लाभ या ख्याति के लिए नहीं किया जाता। यह धर्म मृदुता यानी कोमलता का प्रतीक उत्तम मार्दव धर्म पर प्रकाश डालते हुए मुनिश्री ने कहा कि यह धर्म मृदुता यानी कोमलता का प्रतीक है। मान कषाय के कारण व्यक्ति में अभिमान आता है। वह खुद को बड़ा समझता है और दूसरों को तुच्छ मानता है। बड़प्पन दिखाने के लिए कपट करता है। जब उसका मान भंग होता है तो वह क्रोधित हो जाता है। ऐसे अभिमानी व्यक्ति से धर्म नहीं होता।

## गोवर्धननाथ जी की हवेली में धूमधाम से मनाई राधा अष्टमी



**नलखेड़ा**। तहसील के बड़ागांव में स्थित श्री गोवर्धननाथजी की हवेली में राधा अष्टमी धूमधाम से मनाई गई। रविवार को श्री राधा अष्टमी के पावन पर्व पर बड़ागाँव स्थित श्री गोवर्धननाथ जी की हवेली में राधाजी का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान कृष्ण व राधाजी का पंचामृत से अभिषेक कर आकर्षक श्रृंगार किया गया एवं पालने में झुलाया गया। इस दौरान संगीतमयी भजनों की प्रस्तुति भी दी गई। मान्यताओं के अनुसार राधा अष्टमी के दिन राधा रानी की विधि-विधान से पूजा की जाता है और उनका भव्य श्रृंगार किया जाता है। राधा रानी की पूजा करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। राधा रानी की पूजा-उपासना करने से व्यक्ति को सुख समृद्धि, धन और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। विवाहित जीवन खुशहाल रहता है।



### सस्ती साइकिल खरीदने उमड़ी भीड़, लुट गई कई साइकिल



**सीहोर**। जिला मुख्यालय के समीपस्थ अल्हादाखेड़ी के स्टेडियम में एक एनजीओ द्वारा शनिवार की सुबह सस्ती साइकिल बेचे जाने की खबर शहर में फैलते ही वहां पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। इस दौरान अफरातफरी का यह आलम रहा कि कई लोग साइकिल उठाकर ही चलते बने। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस साइकिल की ब्रिकी रुकवाते हुए संबंधितों को थाने लेकर आई जहां उनसे आवेदन लेकर साइकिल ले जाने वालों की तलाश की जा रही है। शनिवार की सुबह अल्हादाखेड़ी के स्टेडियम में बड़ी संख्या में साइकिलों का ढेर लगा हुआ था।

उक्त साइकिल लेकर आए लोगों द्वारा महज ढाई हजार रुपए में साइकिल बेचे जाने की खबर शहर में आग की तरह फैल गई। कुछ ही देर में वहां साइकिल खरीदने वालों की भारी भीड़ जमा हो गई। बताया जाता है कि उत्तरप्रदेश की किसी एनजीओ के सदस्यों द्वारा उक्त साइकिल बेची जा रही थीं। इसके लिए उनके द्वारा 100 रुपए लेकर रजिस्ट्रेशन किया जा रहा था और उन्हें ढाई हजार रुपए में साइकिल बेची जा रही थी। इस दौरान उनके द्वारा संबंधित खरीदार का आधार नंबर लेकर एक फार्म भी भरवाया जा रहा था। बताया जाता है कि कुछ ही देर में वहां लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और अफरा- तफरी का माहौल निर्मित हो गया। इस बीच कई लोग बिना रुपए दिए साईकल लेकर चलते बने। तब तक कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी और साइकिल बेचने वालों को पूछताछ करने थाने लेकर आई। मामले में थाना प्रभारी रविन्द्र यादव का कहना है कि उक्त लोग उत्तरप्रदेश की एक एनजीओ का फार्म भरने के बाद लोगों को साइकिल बेच रहे थे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि इस दौरान अफवाह फैल गई कि साइकिल मुफ्त में वितरित की जा रही हैं। जिसके चलते कई लोग बिना रुपए दिए साइकिल लेकर चलते बने। थाना प्रभारी यादव का कहना है कि आवेदन लिया गया है और साइकिल ले जाने वालों की तलाश करने वीडियो फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### *पुष्पदंतनाथ भगवान का मोक्ष निर्वाण महोत्सव मनाया*

*नलखेड़ा। दिगंबर जैन समाज के चल रहे पर्यूषण पर्व के चौथे दिन रविवार को विवर्धन सागर महाराज एवं मुनि विश्व नायक सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिरजी में अभिषेक, शांतिधारा एवं 1008 पुष्पदंतनाथ भगवान का मोक्ष निर्वाण महोत्सव मनाया गया। रविवार को मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम मूलनायक भगवान का प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य मुकेश,मनीष पांडिया काका परिवार को प्राप्त हुआ। उसके पश्चात शांति धारा की गई। शांति धारा में प्रथम कलश करने का सौभाग्य दिलीप मुदित पांडिया परिवार को प्राप्त हुआ। प्रथम शांति धारा करने का सौभाग्य विमलचंद मुकेश जैन परिवार को प्राप्त हुआ। दूसरी शांति धारा करने का सौभाग्य महावीर कुमार छाबड़ा मामाजी परिवार को प्राप्त हुआ फिर संपूर्ण मुनि संघ के सानिध्य में नित्य नियम की पूजन, दस लक्षण धर्म की पूजन एवं पुष्पदंतनाथ भगवान की पूजन कर निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया। निर्वाण लाडू की बोली लगाई गई सर्वाधिक बोली लगाकर यह सौभाग्य ज्ञानचंद वैभव जैन परिवार को प्राप्त हुआ। पूजन के पश्चात मुनि श्री के प्रवचन हुए। प्रतिदिन आयोजित हो रही प्रतियोगिताओं का इनाम वितरण विराग विवर्धन चातुर्मास समिति द्वारा किया गया। इस बार चातुर्मास के दौरान मुनि विवर्धन सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में समाज की बहुत सी महिलाएं एवं पुरुष द्वारा तप आराधना की जा रही है सभी आराधनाएं निर्जला उपवास से हो रही है। सभी का पांचवा उपवास चल रहा है। सोमवार को प्रिया तरुण पाटनी की पांच निर्जला उपवास की तप आराधनाएं पूर्ण होने पर दोपहर 1 बजे उनका वरघोड़ा निकाला जाएगा।*

### अहंकार रहित जीवन जीने की कला सिखाती है भागवत कथा : पंडित प्रदीप मिश्रा

**सीहोर**। सत्य का अनुसरण करना, सत्संग में जाना और भगवान की भक्ति करना हर किसी के वश की बात नहीं है। श्रीमद्भागवत कथा सुनने का व्यक्ति जब संकल्प करता है, उसी समय परमात्मा उसके हृदय में आकर निवास कर लेते हैं। भगवान की कथा ऐसी है कि इसका ज्यों-ज्यों पान करते हैं, त्यों-त्यों इच्छा बढ़ती जाती है। कथा रस कभी घटता नहीं निरंतर बढ़ता रहता है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम भटौनी कुबेरेश्वरधाम पर जारी भागवत कथा के छठवें दिवस पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। इस मौके पर पंडित मिश्रा ने व्यास पीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर समस्त ग्रामवासियों ने पंडित मिश्रा का स्वागत किया। जानकारी देते हुए ग्राम भटौनी के सरपंच प्रतिनिधि धर्म सिंह मेवाड़ा ने बताया कि ग्राम में सभी क्षेत्रवासियों के सहयोग से संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर शनिवार को पंडित मिश्रा कथा में पहुंचे और उन्होंने क्षेत्रवासियों को पुनित कार्य के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि रविवार को कथा के समापन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा का श्रवण कथा वाचक पंडित श्याम व्यास के द्वारा की जा रही है। कथा के दौरान पंडित व्यास ने छठवें दिवस भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया। इस मौके पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और माता रुकमणी आदि का वर्णन किया। उन्होंने कहाकि कथा का श्रवण करने से नित्य नए आनंद की अभिवृद्धि होती रहती है। श्रीमद्भागवत आध्यात्म दीपक है, जिस प्रकार एक जलते हुए दीपक से हजारों दीपक प्रज्वलित हो उठते हैं, उसी प्रकार भागवत के ज्ञान से हजारों, लाखों मनुष्यों के भीतर का अंधकार नष्ट होकर ज्ञान का दीपक जगमगा उठता है। भगवान का आश्रय ही सच्चा आश्रय है।

### कन्या महाविद्यालय में खेल दिवस के अवसर पर प्रतियोगिताएं आयोजित



**सीहोर**। शासकीय कन्या महाविद्यालय में मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर खेल दिवस मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम मेजर ध्यानचंद की छायाचित्र पर प्राचार्य कालिका डोलस वह खेल अधिकारी रवि बिरहा द्वारा माल्यार्पण किया गया खेल दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के कीड़ा अधिकारी रवि विरहा ने मेजर ध्यानचंद के जीवन परिचय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि क्यों उन्हें हॉकी का जादूगर कहा जाता है। इसी क्रम में इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक रिछारिया सर ने अपने अनुभव साझा किया। तत्पश्चात खेलों का प्रारंभ किया गया जिसमें छात्रों के लिए मनोरंजन खेल में खेल बिगाड़े प्रतियोगिता हुई जिसमें पांच-पांच सदस्यों की पांच टीमों ने भाग लिया जिसमें नैंसी और साथियों को प्रथम स्थान वंदना और साथियों को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ कप कलेक्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई। वह छात्राओं की बैडमिंटन सिंगल्स का प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम स्थान पर हर्षिता व उपयोगिता आशी रही।

### भव्य रूप से किया जाएगा हनुमान मंदिर का निर्माण



**सीहोर**। शहर के बस स्टैंड पर भव्य हनुमान मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। यहां पर बाहर के कलाकारों के द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे की प्रेरणा और मार्गदर्शन एवं समिति अध्यक्ष समाजसेवी रुद्र कुमार राठौर सहित समस्त नगरवासियों के सहयोग से बस स्टैंड पर सिद्ध हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य अंतिम चरणों में चल रहा है। जीर्णोद्धार के बाद भव्य स्वरूप लिए इस मंदिर की आवश्यकता अनुरूप अध्यक्ष एवं समिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार पंडित कटारे बाबा के मार्गदर्शन में उनके साथ महेश मीणा, दुर्गेश तिवारी और गुड्डू विश्वकर्मा ने चीचली जिला नरसिंहपुर से मंदिर के लिए आवश्यक सामग्री,दो विशालकाय घंटे जिनका वजन 240 किलोग्राम है के साथ एक गदा, कलश, शंख सहित अन्य सामग्री लेकर मंदिर पहुंचे। मंदिर पर अध्यक्ष सहित उपस्थित समिति के सदस्यों एवं पुजारी एवं भक्तजनों ने सभी का स्वागत किया और अगली कार्ययोजना पर चर्चा की।

## पेट्रोल पंप पर अनियमितताएं पाए जाने पर 5944 लीटर डीजल जब्त

### अधिकारियों ने किया पेट्रोल पंप का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में अधिकारियों द्वारा सीहोर के लुनिया चौराहा स्थित वर्मा फ्यूलस एंड सर्विस पेट्रोल पंप का निरीक्षण कर जांच की गई।

जांच के दौरान अंडरग्राउंड डीज़ल के टैंक मे भण्डारित 5,944 लीटर डीजल मे 10.5 सेमी पानी की मात्रा पायी गई और 04 प्रतिशत से अधिक अंतर तक की अनियमितता पाई गई। इसके साथ ही ऑनलाइन स्टॉक से डीजल के स्टॉक मे अंतर पाया गया। पेट्रोल पंप पर मुफ्त हवा, शौचालय, पेयजल, अग्नि शमन यन्त्र की वैधता भी समाप्त पाई गई। अधिकारियों द्वारा पेट्रोल पंप पर अनियमितताएं पाए जाने पर डीज़ल की मशीन को सील कर दिया गया है और पेट्रोल पंप से 545081 रूपये मूल्य का 5944 लीटर डीजल जब्त कर लिया। यह कार्रवाई जिला अपूर्ती अधिकारी, नापतौल निरीक्षक एवं कनिष्ठ अपूर्ती अधिकारी द्वारा की गई।

### सत्यसांई यूनिवर्सिटी के कुलगुरु बोले सुगम हुए रोजगार के अवसर

# दूसरे दिन 37 को मिला रोजगार और फिर हुआ रोजगार मेले का सफल समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



देश की प्रगति एवं औद्योगिक उन्नति में सदैव तत्पर रहने वाली अग्रणी संस्था श्री सत्य साईं प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्याल सीहोर के प्रांगण में निर्माण उद्योग विकास परिषद नई दिल्ली के तत्वावधान में भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियर्या जैसे टाटा प्रोजेक्ट, हाक्सवेल, कल्पतरू, ए.डी.सी. स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, शिव शक्ति प्राइवेट लिमिटेड इत्यादि ने युवा बेरोजगारों को उनकी गुणवत्ता के आधार रोजगार और कोशल के समान अवसर देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। रोजगार मेले के दूसरे दिन कंपनी के सभी ऑफिशल्स ने चयनित युवाओं को कंपनी की पॉलिसी और नॉर्म्स के बारे में बताया और कंपनी का प्रेजेंटेशन रखा। सीआईडीसी के डायरेक्टर जनरल डॉ प्रिय रंजन स्वरूप ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। संस्था के कुलगुरु प्रोफेसर मुकेश तिवारी ने बताया कि रोजगार मेले के इस आयोजन से छात्र-छात्राओं के लिए रोजगार के अवसर सुगम हुए उन्होंने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

अगले वर्ष भी रोजगार मेले के द्वारा रोजगार के अवसर प्रदान करने की बात कहीं। इस समय कार्यक्रम में संस्था के कुल सचिव डॉ हेमंत शर्मा एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय राठौर , सभी डीन एवं प्राचार्य , और शिक्षक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार और सफल संचालन अंकित जोशी ने किया।

**खबर संक्षेप**

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर संडे ऑन साइकिल रैली का आयोजन



**देवास।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर, तीन दिवसीय कार्यक्रम में देवास जिला साइक्लिंग एसोसिएशन ने संडे ऑन साइकिल की थीम पर रविवार को एक शानदार साइकिल रैली का आयोजन किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य देश भर में खेल भावना और एकता के संदेश को फैलाना था। इस रैली में शहर के कई साइकिल चालकों ने भाग लिया। उनके साथ कोच देवराज सांगते के स्केटिंग खिलाड़ी भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। रैली का उद्घाटन एलएनबी क्लब, एबी रोड पर हुआ, जहाँ मुख्य अतिथि रोटेरियन अमरजीत सिंह खनुजा और रोटेरियन नवीन नहार ने हरी झंडी दिखाकर इसे शुरू किया। रैली एलएनबी क्लब से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी और अंत में एलएनबी क्लब पर समाप्त हुई। यह आयोजन न केवल खेल दिवस मनाने का एक तरीका था, बल्कि इसने फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई। साइकिल चलाने के इस अभियान से यह संदेश दिया गया कि स्वस्थ जीवनशैली और प्रदूषण मुक्त वातावरण दोनों ही हमारे भविष्य के लिए बेहद जरूरी हैं। सभी प्रतिभागियों ने मिलकर एक स्वच्छ और स्वस्थ देवास का संकल्प लिया। आयोजन में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अभिषेक लाठी, सचिव पवन यादव, कोषाध्यक्ष संदीप जाधव, सहसचिव पावन पाटिल, सदस्य सुनील मालवीय, देवराज सांगते, तन्मय मेहता, आयुष बहरे तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग से जावेद पठान, यशवंत डागोरा, अजीम शेख सहित अनेक खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

### धार्मिक परंपराओं और आस्था के साथ मनेगा डोल ग्यारस का महापर्व

# 3 सितंबर को लगेगा आस्था का महाकुंभ भगवान नरसिंह करेंगे नगर का भ्रमण

पर्व का सबसे बड़ा आकर्षण भगवान नरसिंह का 7.5 किलो वजनी पाषाण विग्रह का नदी में तैरना होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



नगर की धार्मिक परंपराओं और आस्था का प्रतीक डोल ग्यारस महापर्व इस वर्ष 3 सितम्बर को बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। यह आयोजन न केवल नगर बल्कि सम्पूर्ण अंचल की आस्था और विश्वास का केंद्र माना जाता है। इस दिन नगर आराध्य भगवान नरसिंह का भव्य नगर भ्रमण होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे।

### 125 वर्षों से जारी परंपरा

हाटपीपल्या में डोल ग्यारस पर्व का आयोजन लगभग 125 वर्षों से निरंतर हो रहा है। पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही इस परंपरा को देखने के लिए आसपास के गांवों और दूरदराज़ जिलों से श्रद्धालु पहुंचते हैं। यह दिन नगर को भक्ति और उत्साह से सराबोर कर देता है।

### कोरोना काल में भी निभाई परंपरा

डोल ग्यारस पर्व की महत्ता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कोरोना महामारी के कठिन समय में भी सभी पारंपरिक अनुष्ठान पूरे विधि-विधान से संपन्न किए गए थे। प्रशासनिक गाइडलाइन का पालन करते हुए सीमित श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भगवान नरसिंह का विग्रह तैराया गया और नगर भ्रमण परंपरा का निर्वहन किया गया।

### भागवत कथा सुनकर करते हैं प्रस्थान

शताब्दियों से चली आ रही परंपरा के अनुसार भगवान नरसिंह भागवत कथा श्रवण करने के बाद ही अपने मंदिर से डोल उत्सव के लिए प्रस्थान करते हैं। यह अनुष्ठान आज भी पूरे विधि-विधान के साथ होता है और श्रद्धालु इसे दिव्य मानते हैं।

### पाषाण विग्रह का तैरना अदभुत चमत्कार

पर्व का सबसे बड़ा आकर्षण है भगवान नरसिंह का 7.5 किलो वजनी पाषाण विग्रह का नदी में तैरना। स्थानीय नरसिंह घाट पर इस विग्रह को तीन बार जल में प्रवाहित किया जाता है। प्रतिमा का तैरना श्रद्धालुओं के लिए अलौकिक अनुभव होता है। बुजुर्ग बताते हैं कि यह विग्रह अपनी इच्छा से जल में तैरता और जलमग्न होता है। इसका तीन बार तैरना क्षेत्र में खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है।

### चमत्कारिक घटनाओं की है मान्यता

पुजारी गोपाल वैष्णव बताते हैं कि रियासत काल में जब परंपरा से छेड़छाड़ हुई, तब विग्रह नदी के प्रवाह में विलुप्त हो गया था। महीनों खोजने पर भी कोई पता नहीं चला। अंततः पुजारी के मासिक व्रत और क्षमा याचना के बाद प्रभु ने स्वप्न में अपना पता बताया, जो समीपस्थ सुंमेराखेड़ा घाट था। वहां से बाजे-गाजे के साथ विग्रह को पुनः मंदिर में प्रतिष्ठित किया गया। नरसिंह मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सोनी के अनुसार कई अवसरों पर विग्रह को नदी के बहाव के विपरीत दिशा में तैरते हुए भी हजारों श्रद्धालुओं ने देखा है।

### डोल भी है बेहद खास

जिस डोल में भगवान नरसिंह अपने निज मंदिर से नरसिंह घाट और नगर भ्रमण के लिए जाते हैं, वह स्वयं में अद्वितीय है। यह डोल कालिए की लकड़ी से निर्मित है जिस पर सुंदर नक्काशी की गई है। इसका वजन एक क्विंटल से अधिक है और इसे उठाने व तोकने के लिए आठ सेवकों की आवश्यकता होती है। इस डोल की भव्यता भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहती है। इस पर्व पर भक्तों द्वारा तुलादान की परंपरा भी निभाई जाती है। संतान प्राप्ति की मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालु अपनी संतान का फलों और सामग्रियों के साथ तुलादान भगवान नरसिंह के समक्ष करते हैं।

### शोभायात्रा और झांकियों का आकर्षण

महापर्व पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकलेगी, जो पारंपरिक मार्गों से गुज़रेगी। इसमें धार्मिक भजन, अखाड़ों के करतब, आकर्षक झांकियां और साज-सज्जा का विशेष आकर्षण रहेगा। नगरवासी अपने घरों व दुकानों को सजाकर प्रभु की अगवानी करेंगे।

### सामाजिक समरसता और आस्था का पर्व

डोल ग्यारस महापर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। हर वर्ग और हर समुदाय का व्यक्ति इस उत्सव में शामिल होकर प्रभु की भक्ति में लीन हो जाता है।

### आज से शुरू होगी भागवत कथा

पारंपरिक भागवत कथा सप्ताह का आरंभ आज राधा अष्टमी के पावन पर्व से होगा। कथा का परायण भागवताचार्य ऋषिराज जी शर्मा द्वारा किया जाएगा। मान्यता है कि यह परायण भगवान नरसिंह एवं खेड़ापति हनुमानजी के लिए वर्षों से आयोजित होता आ रहा है। डोल ग्यारस महापर्व को शासन द्वारा नगर गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। बागली अनुविभाग द्वारा पूरे विकासखंड में इस दिन अवकाश घोषित किया गया है, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु पर्व में सम्मिलित हो सकें। पिछले दो वर्षों की तरह इस बार भी भगवान नरसिंह के चल समारोह को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया जाएगा। पुलिस बैंड इस अवसर पर विशेष प्रस्तुति देगा और शोभायात्रा में शामिल रहेगा।

## सोनकच्छ थाना के ग्राम कराड़िया परी में 13 वर्षीय बालक की निर्मम हत्या

**24 घंटे में हत्यारे को पकड़ने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकछ



थाना क्षेत्र सोनकच्छ के ग्राम कराड़िया परी में शनिवार देर शाम करीब 8.30 बजे एक सनसनी वारदात हुई। गांव में रहने वाल 13 वर्षीय नाबालिग बालक जब अपने घर से गणेश पंडाल में आरती करने के लिए गया हुआ था तभी गांव के समीप करणी सेना जिला अध्यक्ष बबलू मकवाणा के कृषि यंत्र रखने के गोडाउन में नाबालिग बालक की लाश मिली। हत्यारा शव को हार्वेस्टर मशीन के नीचे छिपा कर फरार हो गया था। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और डॉग स्कॉट ओर फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की मदद से जांच शुरू की गई। बालक की पहचान वेदांश पिता अरविंद सिंह झाला के रूप में हुई जो कक्षा 7 वी का छात्र था। शव के पोस्टमार्टम के लिए डॉक्टर सहित अस्पताल प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी अस्पताल नहीं पहुंचे तो मृतक बच्चो के परिजनों सहित ग्रामीणों ने पोस्टमार्टम रूम के बाहर धरना देकर नारेबाजी की और ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर राकेश शर्मा को तुरंत पद से हटाने की मांग की। परिजनों का आरोप था कि राकेश शर्मा द्वारा पोस्टमार्टम के लिए जो टीम गठित की गई थी उसके डॉक्टर ड्यूटी पर मौजूद नहीं थे जिसके लिए राकेश शर्मा को जनप्रतिनिधि एवं पुलिस अधिकारियों के फोन लगाए थे लेकिन शर्मा ने किसी भी अधिकारी का फोन तक नहीं उठाया। इसी बात को लेकर आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने हंगामा किया और अधिकारियों को दो ज्ञापन दिए। ज्ञापन में मांग की गई कि ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को तुरंत उनके पद से हटाया जाए साथ ही 24 घंटे के अंदर वेदांश के हत्यारे को गिरफ्तार किए जाए नहीं तो सेंधव समाज उग्र आंदोलन करेगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। मामले में एसपी पुनीत गेहलोद ने बताया कि एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के नेतृत्व में 10 टीम लगाई गई हैं, एफएसएल और साइबर टीम की मदद ली जा रही है। हर एंगल से घटना की जांच की जा रही हैं। जल्द से जल्द आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

## उज्जैन के विद्वान पंडित आज करेंगे वन मंडल के राजा की गंगा आरती व महाआरती

**देवास।** श्री गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित वन मंडल के राजा के 11वें वर्ष के उत्सव में इस वर्ष भव्य गंगा आरती, महाआरती एवं छप्पन भोग का आयोजन होगा। गंगा आरती व महाआरती उज्जैन के विद्वान पंडितों के कर कमलो से सम्पन्न होगी। समिति सदस्य ने बताया कि यह आयोजन 1 सितम्बर 2025 को सायं 8 बजे पंचशील नगर, वन मंडल रोड, देवास पर होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में देवास सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी, जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप चौधरी, पूर्व देविप्रा अध्यक्ष राजेश यादव और नेता सत्तापक्ष मनीष सेन होंगे। हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य सजावट कर गणेश जी आकर्षक प्रतिमा राधाकृष्ण जी के रूप में विराजमान है। प्रतिदिन संगीतमय आरती के साथ विविधि धार्मिक आयोजन हो रहे है। धार्मिक माहौल के बीच गंगा आरती और छप्पन भोग का विशेष आयोजन होगा। समिति संस्थापक ओम खत्री, हेमराज इटोरिया, अनिल राव बर्वे, मनीष जैन, संजय सेन, आयोजक अनिवेश खत्री, कार्तिक बर्वे आदि ने धर्म लाभ लेने अपील की है।

## आदि कर्मयोगी योजना के तहत वर्क शॉप का आयोजन 01 सितम्बर को जिला पंचायत सभाकक्ष में

**देवास।** भारत सरकार की आदि कर्मयोगी योजना के तहत कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में 01 सितंबर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत ओरिएन्टल वर्कशॉप का आयोजन किया गया है। ओरिएन्टल वर्क शॉप में जिले के समस्त जिला अधिकारी तथा विकास खण्ड स्तर के समस्त अधिकारी उपस्थित होगें। ओरिएन्टल वर्कशॉप में के साथ धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के तीन विकासखण्डों बागली के 71 ग्राम, कन्नौद के 42 ग्राम तथा खातेगांव के 22 ग्राम इस प्रकार कुल 135 ग्रामों के व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के संबंध में बैठक का आयोजन भी किया जाएगा।

## रामाश्रय में संपन्न हुआ निशुल्क स्वास्थ्य और नेत्र परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




सेठ जीतमल कमलाबाई अग्रवाल परमार्थिक ट्रस्ट द्वारा बिलावली के समीप रामाश्रय परिसर में स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर का निःशुल्क आयोजन रविवार को किया गया। स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न शारीरिक समस्याओं से ग्रस्त लोगों ने अपना परीक्षण व उपचार करवाया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर ट्रस्ट के संस्थापक रमेश कुमार अग्रवाल ने किया। मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल मक्सी के लिए मोतियाबिंद व लेंस प्रत्यारोपण के मरीज चयनित किए गए। जहां उनका निःशुल्क ऑपरेशन किया जा रहा है। इन मरीजों के आने-जाने, रहने, खाने, दवा, रंगीन चश्मा आदि की निःशुल्क व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा की गई है। इस शिविर में डॉ. आर. के. सक्सेना नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. हरमीत सिंह सलूजा बी.पी., शुगर, थायरॉइड एवं पेट रोग विशेषज्ञ, डॉ. पुनीत माहेश्वरी हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. त्रशिता राजानी चर्म रोग विशेषज्ञ, डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ. इंद्रदीप अरोरा नाक, कान एवं गला विशेषज्ञ आदि अनुभवी डॉक्टरो ने अपनी सेवाएं दी। शिविर के कार्यकर्ताओं ने रजिस्ट्रेशन व्यवस्थाएं सम्भाली। शिविर में एक हजार से अधिक लोगों ने उपचार करवाया। संचालन अरविंद त्रिवेदी ने किया। जानकारी रामाश्रय ट्रस्टी राकेश अग्रवाल ने दी।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रदेश अध्यक्ष पटवारी का फूंका पुतला






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा केंद्र में भारतीय जनता पार्टी सरकार का नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता के बारे में अभद्र भाषा में टिप्पणी तथा जीतू पटवारी द्वारा महिलाओं के बारे में शराब को लेकर की गई टिप्पणी के विरोध में भाजपा देवास द्वारा महिला मोर्चा की अगुवाई में विरोध, धरना प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया गया। सर्वप्रथम मंडूक पुष्कर पर जोरदार नारेबाजी करते हुए धरना दिया गया तथा प्रदर्शन कर विरोध जताया गया। इसके बाद रविवार दोपहर करीब 2 बजे इंदिरा गांधी प्रतिमा चौराहा पर पुतला दहन किया गया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राखी झालानी ने कहा कि महिलाओं के शराब पीने की बात कहकर संपूर्ण नारी शक्ति का अपमान किया है। विधायक गायत्रीराजे पवार ने कहा कि राहुल गांधी का अस्तित्व ही मां से है, फिर मां के खिलाफ कोई इस तरह की भाषा कैसे बोल सकता है? यह बात राहुल गांधी अच्छी तरह से समझ लें कि उन्होंने केवल प्रधानमंत्री की दिवंगत माता ही नहीं, संपूर्ण नारी शक्ति का आपमान किया है। देश की जनता उन्हें इस कुकर्म पर माफ नहीं करेगी। संचालन विनीता व्यास ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष लीलाबाई अटारिया, बहादुर मुकाती, सुभाष शर्मा, जुगनू गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष शुभम चौहान, सुरेश सिलोदिया, देवेंद्र नवगोत्र, पार्षद गणेश पटेल सहित महिला मोर्चा की मधु शर्मा, नीतू जाधव, माया तिवारी, रितु सवनेर, मीना भवालकर, मोनिका शर्मा, डॉ. किरण मिश्रा, सरोज मालवीय, हीना राठौर, सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं माता बहनें उपस्थित थीं।

### कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय कृपालु परिवार के बप्पा की आरती में हुए शामिल

# दस दिवसीय भंडारे में श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी की वितरित





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में गणेशोत्सव की धूम लगातार बढ़ती जा रही है। संस्था कृपालु परिवार द्वारा चामुंडा कॉम्प्लेक्स में आयोजित 10 दिवसीय गणेश महोत्सव के चौथे दिन शनिवार को प्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय विशेष रूप से पधारे और उन्होंने बप्पा की आराधना कर नगरवासियों के साथ पुण्य लाभ लिया।मंत्री विजयवर्गीय ने सर्वप्रथम गणेश प्रतिमा का पूजन-अर्चन कर आरती की और उपस्थित श्रद्धालुओं से आशीर्वाद लिया। इसके बाद मंच से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा सुमेर सिंह दरबार और उनकी टीम का यह आयोजन वास्तव में अनुकरणीय है। ऐसे प्रयासों पर मुझे गर्व है। मेरी मां हमेशा कहती हैं कि सामाजिक जागृति निरंतर चलते रहनी चाहिए। यही परंपरा लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने पुणे से शुरू की थी और आज भी उसी धारा को आगे बढ़ाते हुए समाज को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य हो रहा है। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति का भी संदेश देता है।विजयवर्गीय ने गणेश मंडल की भोजनशाला का भी निरीक्षण किया और वहां तैयार हो रहे भोजन प्रसाद का जायजा लेने के बाद श्रद्धालुओं को स्वयं प्रसादी वितरित की।इस अवसर पर देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी व नगरवासी मौजूद रहे। सांसद सोलंकी ने भी आयोजन की सराहना करते हुए इसे देवास की सामाजिक व धार्मिक एकता का प्रतीक बताया।गौरतलब है कि संस्था कृपालु परिवार द्वारा आयोजित इस गणेशोत्सव में प्रतिदिन विशेष पूजन-अर्चन और भोजन प्रसादी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होकर बप्पा का आशीर्वाद पा रहे हैं।

## गजरा गियर्स चौराहे पर रोज़ हो रहा सहस्त्रार्चन, गणेश उत्सव की मची धूम



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

गजरा गियर्स व्यापारी संघ एवं संस्था युवा शक्ति द्वारा आयोजित दस दिवसीय गणेश उत्सव में भक्ति और भव्यता का संगम देखने को मिल रहा है। हर दिन भगवान श्री गणेश का सहस्त्रार्चन (1000 नामों से पूजन) श्रद्धापूर्वक संपन्न हो रहा है। गजरा गियर्स चौराहे पर प्रतिदिन कॉलोनीवासी भगवान गजानन का अभिषेक पूजन करते हैं और विविध पदार्थों से सहस्त्र नामों के साथ अर्चन किया जाता है। संस्था द्वारा प्रसाद भंडारे का भी आयोजन हो रहा है। भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा के बीच दिव्य वातावरण में यह अनुष्ठान आचार्य श्री पवन जी पंडित के निर्देशन में सम्पन्न हो रहा है। संयोजक और वार्ड क्रमांक 30 के पार्षद शीतल गेहलोत कार्यक्रम की मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। संस्था के अध्यक्ष ईश्वर कुमावत ने बताया कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्मलाभ ले रहे हैं। संरक्षक गायत्री राजे पंवार के नेतृत्व में कार्यकर्ता इस आयोजन को सफल बनाने के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं। आयोजकों का कहना है कि आने वाले दिनों में और भी भव्य कार्यक्रम जनता के लिए आयोजित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### बीडीओ जखौरा की गाड़ी को ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर

**ललितपुर।** जिला जालौन अंतर्गत थाना एट के ग्राम विलायां निवासी अभिनेश कुमार पुत्र महेन्द्र कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी कार संख्या यू.पी. 92 ए.टी. 8390 जो कि विकास खण्ड जखौरा में शासकीय कार्य के लिए लगी है। वह अपने खण्ड विकास अधिकारी जखौरा को लेकर जिलाधिकारी की बैठक में आये हुये थे। यहां से मीटिंग समाप्त होने पर वह वापस जा रहे थे। तभी जेल चौराहा के पास ट्रक संख्या यू.पी.94 टी 2323 जो कि काफी तेज गति से भाग रहा था ने उसकी बुलैरो गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी। वहीं ट्रक ड्राईवर मौके से भाग निकला। पुलिस ने गाड़ी चालक की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### तेज रफ्तार कंटेनर ने बालक को रौंदा हो गई मौत

**ललितपुर।** एनएच-44 स्थित सिंघई पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार कंटेनर ने सड़क किनारे चल रहे छात्र को पीछे से कुचल दिया। मृतक की पहचान थाना जखौरा के ग्राम बांसी निवासी नीलेश पुत्र भैय्यान अहिरवार के रूप में हुई। नीलेश कक्षा 7वीं का छात्र था। हादसा लगभग दिन 11 के बजे हुआ, जब वह ललितपुर से घर लौट रहा था। झांसी से ललितपुर की ओर जा रहे कंटेनर ने उसे टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। घायल नीलेश को एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्यूरी में रखवाया गया है। मृतक के भाई बाल किशन ने बताया कि नीलेश तीन भाई और दो बहनों में सबसे छोटा था। कंटेनर चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया।

### छत्रपति शिवाजी की वेशभूषा में विराजे राजाधिराज गणेश जी

**गढ़ाकोटा।** नगर के चार वार्ड चौराहा पर समिति द्वारा इस बार भगवान गणेश जी को छत्रपति शिवाजी की वेशभूषा में विराजमान किया गया है जो आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां पर लगातार 35 साल से प्रतिमा विराजमान की जा रही है। सदस्यों ने बताया कि आस्था, भक्ति एवं उत्साह का स्थल चारवार्ड जहाँ हर धार्मिक आयोजन पर्व बड़ी ही भव्यता एवं कुछ विशेष करके मनाया जाता है। इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर चार वार्ड चौराहे पर विराजमान शिवाजी स्वरुप में श्री राजाधिराज महाराज एवं पंडाल में साक्षात गणेश मंदिर की भांति श्री अष्टविनायक गणपति जी के दर्शन आप सभी श्रध्दालुओं को प्राप्त होगें। यह कलाकारी भी हमारे समिति के सदस्यों द्वारा ही की गई है । सप्तमी पर महा आरती की जाएगी। राजाधिराज महाराज के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

### जिनालय कार्यालय का किया लोकार्पण

**सागर।** विधायक शैलेंद्र कुमार जैन रविवार को श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मंगलधाम, तिलकगंज पहुँचे। यहाँ उन्होंने गुरु माँ प्रज्ञा प्रखरणी आर्यिका 105 विजिज्ञासा श्री माताजी के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किए। वर्षायोग एवं पर्यूषण पर्वराज के अवसर पर विधायक जैन मंदिर में चल रहे विधान कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इसी मौके पर जिनालय के कार्यालय का लोकार्पण पूज्य माताजी के सानिध्य में मुख्य अतिथि शैलेंद्र कुमार जैन के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर वीरेंद्र जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक जैन ने माताजी से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमेटी अध्यक्ष नितिन जैन, अरविंद चौधरी, नितिन नायक, सुधीर घड़ी, सुनील चौधरी, तरंग चौधरी, उमंग चौधरी, सुधीर बिलहरा, अक्षय जैन, नीरज जैन, संजय शेषई सहित अनेक श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

---

### ईसी एक्ट में एफआईआर की अनुमति मांगी गई

# मप्र ले जा रही 70 बोरी यूरिया जब्त, कालाबाजारी की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



थाना बालावेहट पुलिस ने अंतरराज्यीय सीमा पर रात में सघन चेकिंग के दौरान एक टाटा इंट्रा पिकअप (यूपी 94 ए.टी. 3556) से आईपीएल यूरिया की 70 बोरियां बरामद कीं। थानाध्यक्ष अजीत सिंह ने रात 10.30 बजे बरामदगी की सूचना दी। अगले दिन पूर्वाह्न में पहुँची कृषि विभाग की टीम ने जांच में पाया कि माल के संबंध में न बिल प्रस्तुत हुआ, न पीओएस रसीद। विभागीय जानकारी के अनुसार यूरिया को बिना अभिलेख मध्यप्रदेश ले जाए जाने की आशंका है।

पुलिस-विभाग की संयुक्त रिपोर्ट में इसे उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 व उर्वरक (परिसंचलन) आदेश, 1973 का उल्लंघन माना गया है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत दंडनीय है। वाहन और माल को थाना बालावेहट की सुपुर्दगी में रखा गया है। वाहन का मालिक/फुटकर उर्वरक विक्रेता पियूष जैन, निवासी मोहल्ला कुरयाना, वार्ड-2, पाली तथा चालक बहादुर खंगार, निवासी हजारिया, पाली बताए गए हैं। प्रशासन ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के लिए जिलाधिकारी से अनुमति माँगी है। अनुमति मिलते ही एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई होगी।

**क्या है मामला**

प्रकरण में 70 बोरी आईपीएल यूरिया बरामद की गयी हैं, जो कि अंतरराज्यीय सीमा, थाना बालावेहट क्षेत्र में आता है। मौके पर टाटा इंट्रा पिकअप, यूपी 94 ए.टी. 3556 से माल बरामद हुआ है और इसके साथ बिल/पीओएस रसीद प्रस्तुत नहीं किया गया है। पूरे माल को थाना बालावेहट के सुपुर्द किया गया है, जबकि प्रकरण में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के साथ में एफसीओ 1985 और उर्वरक (परिसंचलन) आदेश 1973 को भी प्रभावी किया गया है।

---

### बंदी दिवस पर खुलते बाजार

## व्यापारी नियम विरुद्ध खोल रहे अपनी दुकानें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शासन के आदेश और जिलाधिकारी अमनदीप डुली के आदेश पर शहर में साप्ताहिक बंदी का सख्ती से पालन कराने का अधिकारी तमाम जतन कर रहे हैं। लेकिन साप्ताहिक बंदी का शहर में मजाक बना हुआ है। इसकी ताजा वानिगी रविवार को उस समय देखने को मिली, जब श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार स्वयं विभागीय टीम लेकर बाजार में खुली दुकानों को बंद कराने पहुंचे। हालांकि साप्ताहिक बंदी को लेकर कुछ दिनों पहले उन्होंने सार्वजनिक रूप से विज्ञप्ति जारी कर प्रकाशन कराया था।

बावजूद इसके दुकानों को खोले जाने पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी खूब नाराज नजर आये। लेकिन दुकानें लाव लश्कर के साथ पहुंचे अधिकारी को देखकर दुकानें बंद करने के बजाय उल्टा उनसे ही उलझने लगे। हालांकि कुछ दुकानदारों ने दुकानें बंद करते हुये दूसरों की दुकानें भी सख्ती से बंद कराये जाने की मांग उठायी, जिस पर अधिकारी भी हामी भरते नजर आये। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार अपने कार्यालय से कमलेश गुप्ता और अन्य लोगों को लेकर नझाई बाजार पहुंचे, जहां उन्होंने दुकानदारों से दुकान रविवार को साप्ताहिक बंदी के अवसर पर बंद रखने का आह्वान किया। वहीं घण्टाघर पहुंचने पर बड़े दुकानदार अधिकारी को दुकान पर आता देख बिल्कुल भी नहीं हिचके और बेखौफ होकर अधिकारी के सामने भी दुकानदारी करते नजर आये। अधिकारी ने जब दुकानदारों से बार-बार कहा कि वह दुकानें बंद कर दें तो दुकानदार हामी भरते हुये ग्राहकों को सामान देते हुये नजर आये। फिलहाल साहब वापस आ गये, लेकिन दुकानें पूरा दिन अनवरत रूप से संचालित रहीं।

---

### प्रसूता के ससुर ने एसडीएम को दिया शिकायती पत्र

## एंबुलेंस में हुआ प्रसव, अस्पताल में नर्स पर लगाया पैसे मांगने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



एंबुलेंस में प्रसव होने के उपरान्त अस्पताल पहुंची प्रसूता को भर्ती करने के नाम पर 500 रुपये मांगे जाने और रुपये न देने पर प्रसूता को भर्ती न करने का गंभीर आरोप लगाते हुये थाना मड़ावरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम लुहर्रा निवासी पन्ना कुशवाहा पुत्र बुद्दा ने एसडीएम मड़ावरा को एक शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में बताया कि बीती 30 अगस्त को उसकी बहू को प्रसव पीड़ा हुयी।

प्रसव पीड़ा से गुजर रही उसकी बहू को रात करीब 3 बजे एम्ब्युलेंस को बुलाया गया। जब तक कि एंबूलेंस अस्पताल तक पहुंच पाती एंबूलेंस में ही बहू को प्रसव हो गया। आरोप है कि जब वह प्रसव उपरान्त बहू को लेकर अस्पताल पहुंचा तो वहां मेटरनिटी वार्ड में तैनात महिला नर्स द्वारा उससे 500 रुपये की अवैध सुविधा शुल्क की मांग की गयी, जिसे न देने पर उसकी बहू को भर्ती नहीं किया। पीड़ित ने बताया कि जब उसने 200 रुपये उक्त नर्स को दिये, तब कहीं जाकर उसकी बहू को अस्पताल में भर्ती किया गया। यह भी आरोप है कि उसकी बहू के कागजात भी अस्पताल में जमा नहीं कराये गये और उससे लगातार रुपयों की मांग की जाती रही। पीड़ित ने प्रकरण में जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

---

### युवा नामदेव समाज की बैठक का आयोजन

## समाज के नौजवानों को राजनीति में आकर समाज का उत्थान करना चाहिए: नामदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



युवा नामदेव समाज की एक बैठक का आयोजन कस्बा बार स्थित दुर्गा माता मंदिर में हुआ जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों युवा बैठक में शामिल हुए, बैठक में युवाओं को अपना मार्गदर्शन देने के लिए समाज के वरिष्ठ लोग भी शामिल हुए, इस मौके पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए नामदेव समाज के जिलाध्यक्ष विमलेन्द्र नामदेव गुड्डू ने कहा की युवा समाज की रीढ़ होते हैं, उन्होंने बैठक में आये सभी युवाओं से मिलजुलकर कार्य करने के लिए कहा, बैठक की अध्यक्षता कर रहे युवा नामदेव समाज के जिलाध्यक्ष के के नामदेव ने कहा की अपनी नामदेव समाज को राजनैतिक मंच पर प्रमुखता से लाने के लिए युवाओं को पूरी ताकत और एकता के साथ आगे आना होगा और समय समय पर सामाजिक कार्य करते रहना होगा जिससे हमारी समाज का नाम राजनैतिक पार्टियों में एवं अन्य जगह भी चर्चाओं में लिया जायेगा बैठक में अन्य वक्ताओं ने भी अपने अपने विचार रखे। इस अवसर प्रमुख रूप से जगदीश नामदेव विधायक जी, हरप्रसाद नामदेव, सुखराम नामदेव, धनीराम नामदेव, युवा नामदेव समाज के जिला महामंत्री सोनू नामदेव, जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद नामदेव, रोहित नामदेव, जिला सांस्कृतिक मंत्री मानेंद्र नामदेव, डॉ पवन नामदेव, जिला मंत्री चंचल नामदेव, रामकुमार नामदेव, लक्ष्मी नामदेव, योगेश नामदेव, रवि नामदेव, सुनील नामदेव, अवधेश नामदेव, कमलेश नामदेव, राघवेंद्र नामदेव, मोहित नामदेव, पंकज नामदेव, राजू नामदेव, अंशित नामदेव, रिंकू नामदेव, बालकिशन नामदेव आदि समाज के लोग शामिल रहे।

---

### महिलामंडल का गठन, अध्यक्ष शक्ति पाठक घोषित

## ब्राह्मण व्यक्तिगत वैमनस्ता त्याग कर सामाजिक राजनीतिक स्थिरता के लिए साथ आएं: पटेरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्रीचंडी माता मंदिर स्थित ब्राह्मणमहामंडल धर्मशाला में ब्राह्मण महामंडल की बैठक जिलाध्यक्ष अशोक पटेरिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर भावना गोस्वामी रहीं।।सर्वप्रथम भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करके दीप प्रज्वलन ब्राह्मण महामंडल जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में महामंत्री परमानंद तिवारी,संगठन मंत्री महेंद्र रावत,समाजसेवी ब्रजेश चतुर्वेदी,श्यामाकांत चौबे लंबरदार,पत्रकार पवन संज्ञा ने सामूहिक रूप से किया।

बैठक में संगठन की मजबूती पर विचार व्यक्त किए गए ।ब्राह्मण समाज के शिक्षित युवाओं और समाजसेवी महिलाओं को संगठन से जोड़ने के लिए विस्तार से चर्चा कर आह्वाहन किया गया। महिला संगठन के विस्तार को लेकर सार्थक चर्चा हुई । ब्राह्मण महिलामंडल की अध्यक्ष पद पर श्रीमती शक्ति पाठक को सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया । और उनसे शीघ्र ही महिलाब्रह्मण मंडल का विस्तार जिले में करके ब्राह्मण समाज को मजबूती प्रदान करने का निर्देश दिया गया। प्रमुख वक्ताओं में महामंत्री परमानंद तिवारी ,ब्रजेश चतुर्वेदी,आत्माराम रिछारिया ,पत्रकार पवन संज्ञा ,जगदीश पाठक शास्त्री, शिव नारायण संज्ञा,चंद्रशेखर दुवे, दया शंकर पस्तोर ,भूपेंद्र सरवैया ने समाज को सही दिशा में कार्य करना चाहिए वक्ताओं ने कहा आप किसी भी राजनीतिक दल में अपनी सेवाएं दे लेकिन जब ब्राह्मण सम्मान की बात हो तो सभी एकजुट होकर ब्राह्मण के पक्ष में खड़े नजर आना चाहिए समाज को संगठित करने पर सभी विप्रजनों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए ।।इसी क्रम में श्रीमतीबबीता तिवारी, गीतीमा तिवारी, ने कहा कि सामाजिक संगठन में पद महत्वपूर्ण नहीं होता, एक जिम्मेदारी के रूप में काम करना पड़ता है। समाज की सभी महिलाओं को संगठन की गतिविधियों में बढ़-चढकर हिस्सा लेना चाहिए। जिससे संगठन मजबूत होना आवश्यक है।संगठन की गतिविधियों में जरूरी सुधार करके महिला सुरक्षा, सनातन बाल संस्कार को लेकर विचार विमर्श किया।

**ये लोग रहे उपस्थित**

इस अवसर पर ब्राह्मण महिला समाज से संगीता तिवारी, ममता तिवारी पूर्व पार्षद, राधिका , मोनिका शर्मा, गरिमा तिवारी,श मतिऋतु रिछारिया, रंजना, मधु तिवारी सहित ब्राह्मण विप्र समाज से गोविंद व्यास,गिरिजा शंकर दुबे,मदन शर्मा,रमाकांत तिवारी, रज्जन चौबे,नागेंद्र रावत,महेश प्रसाद अग्निहोत्री, प्रधान शिव नारायण नायक, ब्रजेश बबेले, पार्षद मनमोहन चौबे, पत्रकारअरविंद संज्ञा, प्रमोद गोस्वामी, रजत गिरी गोस्वामी, बलराम पचोरी, सौरव गोस्वामी, कृष्ण कुमार रिछारिया, डॉ दीपक पस्तोर,प्रमोद बबेले,वेद प्रकाश लिटोरिया,नंद किशोर तिवारी, हरिराम तिवारी, प्रदीप रिछारिया,रोहित पटेरिया,अंजुल रिछारिया,अंकुर शर्मा,अमन सिरोठिया,मोनू रिछारिया,संदीप नायक,आनंद पटेरिया, अनुभव रावत,राजाराम तिवारी,बाबूलाल दुवे,स्वतंत्र व्यास एड,अशोक कांकर,राजू शर्मा,गोलू शर्मा,नीरज रिछारिया,रेशु चौबे,श्याम सुंदर मिश्रा, रामेश्वर पटेरिया, शानू पाठक,प्रदीप पाठक, मुकेश पुरोहित,अमित त्रिपाठी,अनुभव रावत,शिवम चौबे,आदि उपस्थित रहे।।बैठक में महामंत्री परमानंद तिवारी एवं संगठन मंत्री महेंद्र रावत ने समस्त विप्रजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन बृजमोहन शर्मा ने किया।

---

## साबरमती एक्सप्रेस में महिला यात्री का मोबाइल चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

गुजरात के अहमदाबाद में रहने वाली पार्वती बेन पत्नी पुरुषोत्तम गुप्ता ने अशोकनगर जीआरपी पुलिस को सूचना दी कि उनका मोबाइल फोन चोरी हो गया है। सूचना पर जीआरपी अशोकनगर में तैनात सहायक उप निरीक्षक लखन सिंह रघुवंशी ने जीआरपी ललितपुर को बताया कि जीआरपी कंट्रोल रूम इन्दौर से सूचना प्राप्त हुयी कि ट्रेन संख्या 19166 साबरमती एक्सप्रेस के कोच संख्या ए-1 बर्थ संख्या 11-12 पर यात्री की चोरी हो गयी है।

सूचना मिलने पर उन्होंने यात्री को ट्रेन के अशोकनगर पहुंचने पर अटेण्ड किया, जहां महिला यात्री पार्वती बेन ने बताया कि वह अकबरपुर से अहमदाबाद की यात्रा कर रहीं थी। तभी उनका मोबाइल फोन किसी अज्ञात व्यक्ति ने सुबह करीब 7 बजे चोरी कर लिया। यह भी बताया कि घटना के समय ललितपुर के जखौरा स्टेशन के पास से ट्रेन गुजर रही थी। जीआरपी पुलिस ने महिला यात्री के शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

## क्रेशर पर जा रहे व्यक्ति की कार पर पत्थरों से हमलाकर की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना बानपुर अंतर्गत ग्राम छिल्ला निवासी बृजेन्द्र राय पुत्र केशवदास राय ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते शनिवार को अपराह्न करीब एक बजे वह ग्राम खिरिया मिश्र से अपनी स्कॉर्पियो संख्या एम.पी. 36 सी 4111 से अपने साथी निरपत लोधी पुत्र फुन्दी के साथ गांव पर स्थित क्रेशर पर जा रहा था।

**चिल्लाया तो गांव के अन्य लोग मौके पर आ पहुंचे, जिन्हें देखकर धमकी देकर भाग गए**

तभी गौशाला के पास उसके कार ड्राईवर राजेश यादव ने कार रोकते हुये बताया कि उसकी कार में कोई पीछे से पत्थर मार रहा है। जब वह कार रूकवाकर नीचे उतरा तो उसकी कार पर पत्थर के निशान थे और उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गयी। पीछे देखा तो छिल्ला निवासी भगवत पुत्र तन्शू लोधी, भूपेन्द्र सिंह व बृजेन्द्र सिंह पुत्रगण हनुमत सिंह और पत्थर मारने का कारण पूछा तो उक्त लोगों ने उस पर हमला कर दिया। जब वह चिल्लाया तो गांव के अन्य लोग मौके पर आ पहुंचे, जिन्हें देखकर उक्त लोग गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 324 (4), 131, 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

### आयोजन हमें यह संकल्प दिलाता है कि हम उनके पदचिन्हों पर चलते हुए कार्य करेंगे

## महाराजा खेत सिंह खंगार की पुण्यतिथि पर गो भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिझौतिखण्ड (वर्तमान बुंदेलखंड) के प्रथम स्वतंत्र हिंदू राष्ट्र के संस्थापक और गढ़कुण्डार के वीर योद्धा महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव की पुण्यतिथि के अवसर पर एक भव्य गो भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अगुवाई जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह परिहार ने की, जिसमें जिले भर से आए समाजसेवियों, गौसेवकों और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह परिहार ने कहा कि महाराजा खेत सिंह खंगार साहस और बलिदान के प्रतीक थे। उन्होंने गढ़कुण्डार किला बनाकर न सिर्फ हिंदू स्वराज की नींव रखी, बल्कि उस दौर में बाहरी आक्रमणों के बीच भी स्वतंत्रता की मशाल जलाए रखी।

उनकी पुण्यतिथि पर गौ भोज हमारी संस्कृति और परंपरा को जीवित रखने का प्रयास है। यह आयोजन समाज को अपने गौरवशाली इतिहास की याद दिलाता है। गौ पुत्र प्रशांत शुक्ला ने कहा कि गो सेवा और राष्ट्र सेवा दोनों ही खंगार परंपरा की धरोहर हैं। महाराजा खेत सिंह ने हमें यह संदेश दिया कि धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए त्याग और समर्पण आवश्यक है। आज का आयोजन हमें यह संकल्प दिलाता है कि हम उनके पदचिन्हों पर चलते हुए समाज व राष्ट्रहित में कार्य करेंगे। समाजसेवी हरेंद्र राजा ने कहा कि महाराजा खेत सिंह खंगार ने विपरीत परिस्थितियों में भी हिंदू स्वराज की नींव रखी थी। उनका संघर्ष और पराक्रम इस बात का प्रमाण है कि दृढ़ संकल्प के सामने किसी भी बड़ी शक्ति को झुकना पड़ता है। उनकी गाथा हमें आत्मबल, साहस और निडरता का पाठ पढ़ाती है। समाज को चाहिए कि उनके आदर्शों को पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाए। इस अवसर पर जिले के कई प्रमुख व्यक्तित्व उपस्थित रहे जिनमें एड. पुष्पेंद्र चौहान, गौपुत्र प्रशांत शुक्ला, मनीष दुबे, हरेंद्र राजा, आशीष दुबे, अभिषेक पटेरिया, विकास झा, साहिल गौतम, मोनू पंड्या, अमन बजरंगी, श्रीराम, अतिशय जैन समेत बड़ी संख्या में गौसेवक और समाजसेवी मौजूद रहे। सभी ने महाराजा खेत सिंह खंगार की प्रतिमा/तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और गौ भोज में सहयोग किया। गो भोज के माध्यम से न केवल समाज में भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया गया, बल्कि यह भी दिखाया गया कि बुंदेलखंड की जनता आज भी अपने पूर्वजों के आदर्शों को संजोकर रखे हुए है। कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ ने यह साबित किया कि महाराजा खेत सिंह की स्मृति जनमानस में आज भी अमर है।

## जिले के एकमात्र लॉ कॉलेज की अव्यवस्थाओं पर एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

# विधि महाविद्यालय के गेट पर ताला जड़कर किया हनुमान चालीसा का पाठ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

**तीन दिवस में व्यवस्थाएं सुधारने दिया अल्टीमेटम**

मुख्यालय स्थित जिले का एकमात्र विधि महाविद्यालय अपनी विभिन्न अव्यवस्थाओं एवं कमियों के चलते विद्यार्थियों की परेशानियों का कारण बना हुआ है। महाविद्यालय में व्याप्त कमियों को लेकर कई बार ज्ञापन और पत्रों के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग को अवगत कराने के बाद भी जब समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अनेकों कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के गेट पर ताला जड़कर करीब ढाई घंटे तक नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

विभाग छात्रा प्रमुख उमा वैष्णव के नेतृत्व में हुए इस आंदोलन, प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थियों ने काफी समय तक नारेबाजी की। आंदोलन के बीच जिला छात्रावास संयोजक आनंद शर्मा द्वारा व्यंगात्मक काव्यपाठ करते हुए महाविद्यालय की कमियों को उजागर किया। हंगामे की सूचना पर तहसीलदार ज्ञापन लेने पहुंचे लेकिन एबीवीपी कार्यकर्ता कलेक्टर को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। काफी समय तक चले प्रदर्शन के बाद नवागत अपर कलेक्टर मौके पर पहुंचे जिन्हें आक्रोषित विद्यार्थियों ने अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस आंदोलन, प्रदर्शन के बीच अभाविप पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा शासन, प्रशासन को सद्बुद्धि देने कॉलेज के गेट पर ही हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

### महाविद्यालय में अव्यवस्थाओं का अंबार

अभाविप पदाधिकारियों ने बताया कि यह जिले का एकमात्र विधि महाविद्यालय है जिसमें दर्ज 200 से अधिक विद्यार्थी महज 3 कमरों में पढ़ने को मजबूर हैं। अव्यवस्थाओं का आलम यह है कि कॉलेज प्रबंधन विद्यार्थियों के लिए पीने के पानी तक का इंतेजाम नहीं कर पा रहा है। स्टाफ की कमी होने के साथ-साथ पुस्तकालय जैसी बुनियादी सुविधा का भी यहां अभाव है। इसके साथ ही यह कॉलेज सालों पुराने जर्जर भवन में संचालित हो रहा है जिससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है। अभाविप पदाधिकारियों ने बताया कि कॉलेज में परीक्षाओं की कॉपी जांचने में भी धांधली की जाती है गत वर्ष फैमेली लॉ विषय में अधिकांश विद्यार्थियों को अनुतीर्ण कर दिया गया वहीं इस वर्ष लॉ ऑफ कॉन्टेक्ट विषय में भी लगभग सभी विद्यार्थियों को फेल किया गया है। अभाविप पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि संगठन से जुड़े विद्यार्थियों को फेल करने की धमकी भी प्रबंधन द्वारा दी जाती है।

### 3 दिन में व्यवस्थाओं में सुधार का अल्टीमेटम

अभाविप के नगर मंत्री कुलदीप सिंगी ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिवस में उनकी मांगों पर ठोस कार्यवाही नजर नहीं आई तो परिषद जिले में व्यापक स्तर पर आंदोलन करेगी जिसकी समस्त जवाबदेही शासन, प्रशासन की होगी। इस अवसर पर जिला संयोजक शुभम शर्मा, भाग संयोजक मनीष बना, हर्ष राजपूत, अंकित बाथम, आकाश, उदय, हेमंत गौड़, वंशिका, सोनू, राजेश, राहुल, हर्ष, कपिल सहित अन्य उपस्थित थे।

## युवक पर नहार ने किया हमला, खेत पर चारा काटने गया था

छापीहेड़ा। जब अपने खेत पर महेश पिता रामप्रसाद दांगी अपने पशुओं के लिए चारा काटने के लिए खेत पर गया हुआ था तो पीछे से जंगली नहार ने हमला कर दिया। वह तो गनीमत रही की महेश के हाथ में चारा काटने का दातला था। जब महेश का हाथ नहार ने अपने मुंह में दातों से दबा लिया तो महेश ने अपनी जान बचाने के खातिर बड़ी मुस्तेदी के साथ नहार से भिड़ गया और अपने दूसरे हाथ से नहार की गर्दन पर वार कर अपनी जान बचाई। कई मिनट तक दोनों में कुश्ती लड़ाई हुई जिसमें महेश के हाथों में खून की पिचकारी चलने लगी वह देख महेश घबराया परंतु उसने हार नहीं मानी हाथों में रखा चारा काटने के दांतले से नहार को क्षतिग्रस्त कर दिया ऐसी मुस्तेदी होनी चाहिए आज के किसानों में क्योंकि अकेले जंगल में किसान मेहनत कर अन्न पैदा करते हैं दिन हो चाहे रात अपनी जान की परवाह किए बगैर अकेले चल पढ़ते हैं अपने खेत पर इतना सब होने पर किसान के बेटे ने बचाई अपनी जान बचाई।



## न्यायालय ने अर्थदंड भी लगाया

# सामूहिक दुष्कर्म के 2 आरोपियों को आजीवन का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



भोजपुर थानाक्षेत्र के तहत साल 2023 में एक विवाहिता महिला के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोनों आरोपियों पर 7-7 हजार रुपए का अर्थदंड भी अधिरोपित किया है।

### क्या था पूरा मामला

शासकीय लोक अभियोजक विजय सिंह सिसोदिया ने बताया कि घटना 2 वर्ष पुरानी है। पीड़िता महिला खिलचीपुर से दवाई लेकर अपने गांव लौट रही थी। इस दौरान रास्ते में उसके संबंधी चैनसिंह और राजेश मोटर साईकिल से आए और लिफ्ट देने के बहाने उसे अकेले में लेकर गए। यहां दोनों ने महिला के साथ कई बार दुराचार किया। इसके साथ ही उक्त बात किसी को बताने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी। बाद में पीड़िता ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ रिपोट दर्ज करवाई। इसी मामले में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार शर्मा ने सभी गवाहों एवं सबूतों की बिना पर आरोपियों चैनसिंह पिता रामचंद्र तंवर निवासी ग्राम परसपुरा थाना खिलचीपुर एवं राजेश पिता प्रेमसिंह तंवर निवासी गोपालपुरा थाना राजगढ़ को आजीवन कारावास से दंडित किया है।

## आठ महीने पुराना वीडियो वायरल, ब्लैकमेलिंग के आरोप में मामला पुलिस तक पहुंचा



सारंगपुर। ग्राम पंचायत लीमाचौहन के सचिव का आठ माह पुराना एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। बताया जा रहा है कि वीडियो में सचिव को दुकान पर किसी ग्रामीण के साथ लेन-देन करते हुए दिखाया गया है। आरोप यह लगाया गया कि पंचायत योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर सरपंच और सचिव ने रिश्वत ली है। वीडियो वायरल होते ही ग्राम में हड़कंप मच गया और चर्चाएँ शुरू हो गईं। लेकिन इस मामले ने तब नया मोड़ लिया जब वीडियो में दिखाई देने वाले हितग्राही ने ही पुलिस थाने में आवेदन देकर पलटवार किया। उसने आरोप लगाया कि एक युवक ने योजनाबद्ध तरीके से यह वीडियो बनाया और बाद में उसे बदनाम करने की नीयत से सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है। वहीं सचिव ने भी वीडियो बनाने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कुछ ग्रामीण इस मामले को लेकर कलेक्टर के पास भी पहुंचे हैं।

# हाईवे की चिता सजाकर खराब सड़क का विरोध, चक्काजाम भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर

फ्रीगंज में नेशनल हाईवे-752 सी पर रविवार सुबह स्थानीय लोगों ने चक्काजाम कर दिया। आक्रोशित लोगों ने सांकेतिक अर्थी बनाकर सड़क पर ही हाईवे की चिता सजा डाली। लोगों ने सरकार व प्रशासन की बेरुखी पर गुस्सा जताया। रहवासियों ने सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की। लोगों ने कहा कि गड्डों में गिरकर कई लोग घायल हो चुके हैं। हादसे का शिकार बन चुके लोग भी इस प्रदर्शन में शामिल हुए। शुजालपुर के फ्रीगंज क्षेत्र में खराब सड़कों को लेकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा।

लंबे समय से सड़क पर बने गड्ढों और बदहाल हालात से परेशान रहवासियों ने रविवार को सड़क पर जाम लगा दिया। लोगों का कहना है कि गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और आवागमन बुरी तरह प्रभावित है। रहवासियों ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। जाम की सूचना मिलते



ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट कहा कि जब तक जनप्रतिनिधि मौके पर नहीं पहुंचेंगे और सड़क सुधार की ठोस घोषणा नहीं करेंगे, तब तक वे आंदोलन खत्म नहीं करेंगे। इस दौरान आवागमन पूरी तरह ठप हो गया, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रहवासियों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।।

## दिए आवश्यक दिशा-निर्देश, समीक्षा के दौरान लापरवाही पर जताई नाराजगी

# सुठालिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंत्री नारायण सिंह पंवार ने की रोगी कल्याण समिति की समीक्षा

**ब्यावरा।** शनिवार को सुठालिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंत्री नारायण सिंह पंवार ने रोगी कल्याण समिति की समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान जैसे ही बैठक शुरू हुई, मंत्री पंवार ने पिछले तीन सालों का आय व्यय का पूरा रिकॉर्ड मांगा, लेकिन जिम्मेदार अफसर कुछ दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। इस पर मंत्री ने नाराजगी जताई और अगली बैठक तक सभी रिकॉर्ड पूरे करने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों से मंत्री पंवार ने जनस्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का गहन समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन को समय पर, सरल और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि मरीजों को सुविधाएं देना सरकार



की प्राथमिकता है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के उपरांत मंत्री पंवार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और मरीजों का हालचाल जाना। उन्होंने डॉक्टरों, स्टाफ और संबंधित अधिकारियों को सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निर्देश दिए। जनस्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए मंत्री पंवार ने चिकित्सालय परिसर में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल प्रकृति के प्रति हमारे कर्तव्य का प्रतीक है बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण देने की दिशा में एक सार्थक कदम भी है। इस दौरान सीएमचओ डॉ शोभा पटेल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर, मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चौहान, संस्था प्रभारी संकेत मिश्रा, समिति सदस्य सुनील सिंह सरावत, संजय पालीवाल, बीएमओ डॉ जलालुद्दीनन शेख आदि उपस्थित रहे।

## गणेश उत्सव समिति ने की भव्य आरती श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**सारंगपुर।** गणेश उत्सव समिति बड़ी होली द्वारा आयोजित गणेशोत्सव में शुक्रवार को आकर्षक झांकी और गणेश प्रतिमा के दर्शन करने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। समिति के सदस्य पूर्व पार्षद सतीश राठौर ने उपस्थित होकर विधिवत आरती की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से गणेश आरती में भाग लिया। इस दौरान नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, अनिल माहेश्वरी, अनिल राठोर, संजय शर्मा, आनंद उपाध्याय, मोहन जोशी, नवीन रुण्डवाल, प्रथम शर्मा, सहित महिलाएं पुरुष बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया



**जीरापुर।** शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के क्रीडा प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा ने करते हुए कहा कि खेल स्पर्धा का अपना अलग महत्व है इसलिए हमेशा खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए।महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा नें छात्र-छात्राओं को बताया कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है खेल नियमित खेलना चाहिए जिससे शरीर स्वस्थ मस्त रहे, नियमित खेल अभ्यास से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। इस अवसर पर विधार्थी एवं महाविधालय स्टाफ प्रो. कमल मेहता, प्रो. पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, क्रीड़ाअधिकारी मंगल सिंह झाला, कपिल वैष्णव, अनुपम आचार्य, डॉ. ओम गुप्ता, डॉ. रीना पाटीदार, डॉ जितेंद्र यादव, दिनेश दांगी उपस्थित रहे।

## ई-गवर्नेंस के मास्टर ट्रेनर्स ने दिया प्रशिक्षण

# ई-ऑफिस व्यवस्था को बेहतर बनाने बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित

**राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार दोपहर जिला स्तरीय ई-ऑफिस समीक्षा एवं प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, डेटा एंट्री ऑपरेटर सहित विशेषकर वे अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे जिनके कार्य में ई-ऑफिस संचालन में सुधार की आवश्यकता है। बैठक के दौरान ई-फाइल निर्माण, फाइल क्लोजिंग, लंबित फाइलें, नोटशीट फॉरवर्ड आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। ई-गवर्नेंस के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा उपस्थित कर्मचारियों की शंकाओं का समाधान किया गया तथा ई-ऑफिस की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं सुचारू बनाने हेतु मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा ने निर्देश दिए कि सभी शासकीय दस्तावेज अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही प्रेषित किए जाएं। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को सामान्य प्रशासन विभाग के डिजिटलीकरण की मंशा में पूर्ण सहयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सुधार एवं फेसलेस गवर्नेंस समय की आवश्यकता है तथा यह प्रभावी एवं सक्षम प्रशासन के लिए पूर्व-आवश्यक शर्त है।

## कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया, साफ-सफाई भी की

# राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक दिवसीय गतिविधि का आयोजन

**सारंगपुर।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सारंगपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नियमित गतिविधि के अंतर्गत शनिवार को एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर संस्था परिसर में वृक्षारोपण एवं गाजर घास उन्मूलन का कार्य किया गया। एनएसएस से पंजीकृत छात्रों ने महाविद्यालय मैदान परिसर में साफ-सफाई कर श्रमदान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ममता खोईया, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरुणा सोलंकी, डॉ. विमल लोदवाल, प्रो. संगीता गुप्ता, प्रो. प्रीतम गुनवा, हरि शंकर शर्मा, डॉ. दीप्ति सिसोदिया, धर्मेंद्र वर्मा एवं पवन राजपूत सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों नीलम अहिरवार, करीना मालवीय, वंदना लोधी, लक्ष्मी मालवीय सहित अन्य छात्रों ने भी सक्रिय रूप से भाग लेकर श्रमदान किया।



# राष्ट्रीय खेल दिवस पर फुटबॉल मैत्री मैच किया गया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



एकलव्य स्पोर्ट्स अकादमी ने फुटबॉल मैत्री मैच व उत्कृष्ट खिलाड़ी का सम्मान का आयोजन कर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। सर्वप्रथम हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला और खिलाड़ियों से अपने लक्ष्य की और अग्रसर रहे ओर निरंतर अभ्यास करते रहे आप अवश्य सफल होगे खेल क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं, मैत्री मैच के विजेता उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर कर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रकांत त्रिपाठी,जनपद सदस्य इंदरसिंह लववंशी, प्राचार्य डॉ. आरके गुप्ता, प्रदीप बना, राहुल दांगी, शहजाद पंजाबी, गौरव अग्रवाल, दीपक सामरे, इरशाद हैदर, नफीस खान, शेरा खान, लवी परमार, मुकेश शाक्यवार, राकेश सिंह जाटव, प्रतीक पुष्पद, मानस जोशी व खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## शिव रुद्राभिषेक महाआयोजन का दूसरा दिन

# लाखों शिवलिंग निर्माण से गूंजा भक्तिमय वातावरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नगर के नृसिंह स्टेडियम में चल रहे सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महाआयोजन के दूसरे दिन भी श्रद्धा और आस्था का सैलाब उमड़ा। हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु सुबह से ही शिवलिंग निर्माण के लिए पहुंच गए थे। दिनभर चले अनुष्ठानों में श्रद्धालुओं ने लाखों शिवलिंग का निर्माण कर रुद्राभिषेक किया। महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से रुद्री निर्माण एवं पुरुष श्रद्धालुओं द्वारा रुद्राभिषेक से वातावरण शिवमय रहा। चारों ओर गूंजते मंत्रोच्चार और भक्तिमय गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। इस अवसर पर धर्माचार्य पंडित सोमेश परसाई ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण का महत्व एवं इसके फल का विस्तृत वर्णन करते हुए कहा किकृ "पार्थिव शिवलिंग निर्माण से जीवन में सुख-समृद्धि और शांति प्राप्त होती है, यह मानव जीवन के उत्थान का मार्ग है।" उन्होंने श्रद्धालुओं को धर्म से जुड़े रहने और सामूहिक भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला।

शाम को भस्मारती के दौरान पूरे परिसर में अद्भुत आध्यात्मिक वातावरण बन गया। मंत्रो की गूंज और भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु इस दृश्य को देख मंत्रमुग्ध हो उठे। इस अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया और कहा कि सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण का यह आयोजन केवल नरसिंहगढ़ ही नहीं, पूरे अंचल की आस्था और जनकल्याण का प्रतीक बन गया है। सात दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता इसकी भव्यता को और बढ़ा रही है। आयोजन समिति के अनुसार, सात दिवसीय इस महाआयोजन में कुल सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण का लक्ष्य है। पहले दिन की भव्य कलश यात्रा और रुद्राभिषेक के बाद दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। आने वाले दिनों में यह संख्या और भी अधिक बढ़ने की संभावना है।

## पर्यावरण शिक्षा माटी सिद्ध गणेश अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ कार्यक्रम




**छापीहेड़ा।** माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छापीहेड़ा में छात्राओं के उज्जवल भविष्य को सुद्धढ़ बनाने की सार्थक भूमिका पर्यावरण संरक्षण से भी मिलती है जो हमें स्कूल में शिक्षा स्वरूपी ज्ञान अर्जित कर खेल के माध्यम से भी अर्जित होती है। डेढ़ सौ छात्राओं ने अपने हस्तकला का प्रदर्शन करते अपने विद्यालय प्रांगण से मिट्टी लेकर माटी गणेश सिद्ध गणेश कार्यक्रम को सफल करते हुए गणेश प्रतिमा का निर्माण किया इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण एवं गणेश उत्सव का महत्व बताया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने गणेश प्रतिमाओं का अवलोकन कर छात्रों को प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार की घोषणा की। गणेश बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान 11वीं आर्ट एवं द्वितीय स्थान 12 वीं विज्ञान संकाय एवं तृतीय 11वीं विज्ञान की छात्राओं ने प्राप्त किया।